संख्या–1137/1(2)/2026–05–03/2025 E-88573

प्रेषक,

आर0 मीनाक्षी सुन्दरम्,
प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रबन्ध निदेशक, | 2. प्रबन्ध निदेशक, | 3. प्रबन्ध निदेशक, |
| यू0पी0सी0एल0, | पिटकुल, | यू0जे0वी0एन0एल0, |
| देहरादून। | देहरादून। | देहरादून। |

ऊर्जा अनुभाग–02 देहरादूनः दिनांक 16 सितम्बर, 2026

**विषयः–यू0पी0सी0एल0, पिटकुल एवं यू0जे0वी0एन0एल0 में निदेशकों के रिक्त पदों हेतु विज्ञापन प्रकाशित किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अवगत कराना है कि शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–220, दिनांक 05.03.2026 सपठित कार्यालय ज्ञाप संख्या–367, दिनांक 19.05.2026 द्वारा उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0 हेतु, कार्यालय ज्ञाप संख्या–221, दिनांक 05.03.2026 सपठित कार्यालय ज्ञाप संख्या–369, दिनांक 19.05.2026 द्वारा पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0 हेतु एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या–222, दिनांक 05.03.2026 सपठित कार्यालय ज्ञाप संख्या–368, दिनांक 19.05.2026 द्वारा उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लि0 में प्रबन्ध निदेशक एवं कार्यकारी निदेशकों के चयन एवं नियुक्ति हेतु प्रक्रिया निर्धारण नियमावली (यथासंशोधित), 2026 प्रख्यापित की गयी है।

2– उक्तानुसार प्रख्यापित नियमावलियों में विहित प्रावधानानुसार शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त ऊर्जा विभाग के नियन्त्रणाधीन तीनों निगमों यथा उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0 एवं उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लि0 में निदेशकों के रिक्त 11 पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः उक्त के संबंध में विज्ञापन का प्रारूप संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया आदेश जारी होने की तिथि से विज्ञापन को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु दो (02) राष्ट्रीय समाचार पत्रों एवं प्रादेशिक संस्करणों (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में प्रकाशित कराते हुए विज्ञापन से सम्बन्धित नियम एवं शर्तों को भी अपने–अपने निगमों की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथापरि।

भवदीय,

(आर0 मीनाक्षी सुन्दरम्)
प्रमुख सचिव।

**Advertisment for the Post of Directors (Project/Operation/ Human Resource/Finance) in PTCUL**

Applications are invited for the Post of Directors (Project/Operation/Human Resource/Finance) in Power Transmission Corporation of Uttarakhand Ltd. (PTCUL) under the Department of Energy, Govt. of Uttarakhand so as to reach the Principal Secretary, Energy Department, Secretariat Office, Room No. 201, Second Floor, Vishwakarma Bhawan, 4 Subhash Road, Dehradun within 30 days from the date of publication of Advertisement. Detailed information regarding these post (Viz. Recruitment Rules, 2026, Age, Academic Qualification, Experience, Status of service, period of appointment, ACRs and Application form etc.) are available on Uttarakhand Govt. website www.uk.gov.in and PTCUL website www.ptcul.org

**(R. Meenakshi Sundaram)**
**Principal Secretary**